सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 08 जुलाई, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को राजभवन में ''वसंतोत्सव–2024'' पुस्तक का विमोचन किया। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा तैयार की गई यह कॉफी टेबल बुक राजभवन देहरादून में आयोजित वसंतोत्सव के क्रियाकलापों पर आधारित है। राज्यपाल द्वारा विभाग को राजभवन देहरादून में आयोजित वसंतोत्सव–2024 की कॉफी टेबल बुक बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिसे उनके द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। इस कॉफी टेबल बुक का संपादन निदेशक उद्यान दीप्ती सिंह, उपनिदेशक डॉ. रतन कुमार और सहयोग डॉ. रोहित बिष्ट, हेमवती नंदन, नेहा वर्मा एवं दीपक प्रकाश द्वारा किया गया है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने इस कॉफी टेबल बुक बनाने में सहयोग करने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी और उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने इस बुक में वसंतोत्सव के सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को समाहित किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यक्रम का डॉक्यूमेंटेशन किया जाना जरूरी है ताकि उसकी स्मृतियां भविष्य के लिए जीवंत रहे। इस अवसर पर राज्यपाल ने सचिव उद्यान से विभागीय योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त की। इस अवसर पर सचिव एस. एन. पांडे, संयुक्त निदेशक डॉ. रतन कुमार, डॉ. रजनीश, उद्यान अधिकारी राजभवन दीपक पुरोहित मौजूद रहे।

............0............